—:ओइम तत्सत्:—

# सहज मार्ग

# SAHAJ MARGA

*Shri Ram Chandra Mission*

Publication Department

SHAHJAHANPUR U. P. (India)

Annual Subscription Rs. 4/— Per Copy Re. 1/—

## ❀ सम्पादक मंडल ❀

श्री काशीराम अग्रवाल (शाहजहाँपुर) हिन्दी विभाग

श्री सूर्य प्रसाद श्रीवास्तव (लखीमपुर-खीरी) अंग्रेजी विभाग

## —: विषय-सूची :—


| | हिन्दी | लेखक | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|---|
| १ | परम पद | —श्री लाला जी | १ |
| २ | साधना और कृपा | —श्री बाबू जी | १० |
| ३ | तुम्हें कैसे पाऊं भगवान | —कु० शशी टण्डन | १२ |
| ४ | गुरु महिमा | — श्री गुण्डे राव | १७ |
| ५ | मनुष्य की समस्या | — श्री ईश्वर सहाय | १६ |


ENGLISH SECTION


1. Sahaj Marga - a Dynamical Path — Sri Ram Chandra ji 23
2. New Pilgrimage — ,, Mragesh 28
3. The Forceless force — ,, I Sahai 32
4. The Highest Level of our Being — ,, Raghvendra Rao 37
5. Speach at the Basant Utsava at Shahjahanpur 1965 — ,, Rajgopalachari 40


### Practice for Beginners

1. *Meditation* :—

**Morning** - Sit in meditation for about half an hour at least in the beginning, thinking that Divine Light is present in your heart. Do it in a quite a simple and natural way without imposing it upon your mind. Never mind if you do not see the Light there. Start with a mere supposition, so to say, and Remain sitting in a medidative mood (in one posture as far as possible) with your inward eye turned towards the heart in a natural way without any imposition or effort to concentrate.

**Evening**—Meditate for half an hour, thinking that all complexities and impurities, including grossness, darkness etc, are going out from the whole system towards the backside in the form of smoke or vapours.

2 **Prayer** :—(as given on the front page of this issue)

To be offered at the night time, before going to bed. The proper and the most effective method for prayer is to sit in a suppliant mood and repeat the mentally two or three times, keeping in mind the real sense of it and then to go into meditation and be lost in the thought.

ॐ

# सहज मार्ग

उत्तिष्ठ जागृत प्राप्य बरान्निबोधत ।
(उठो ! जागो ! गुरुजनों को प्राप्त कर ज्ञान-लाभ करो ! )


वर्ष ८ अङ्क ४ | संवत् २०२१ विक्रमी Year 1964 | Year 8 No. 4


## प्रार्थना

हे नाथ ! तूही मनुष्य जीवन का ध्येय है,
हमारी इच्छायें हमारी उन्नति में बाधक है,
तूही हमारा एक मात्र स्वामी और इष्ट है,
बिना तेरी सहायता तेरी प्राप्ति असम्भव है ।

:०:

O, Master !
Thou art the real goal of Human life,
We are yet but slaves of wishes,
Putting bar to our advancement.
Thou art the only God and Power
to bring me upto that stage.

# सम्पादक की बात—

हमें खेद है कि पत्रिका का पिछला अंक वर्ष ८ अंक तीन छपाई की असुविधा के कारण काफी पिछड़ गया था इसी कारणवश हमें इस अंक के प्रकाशन में भी विलम्ब हुआ। आशा है सहृदय पाठकगण हमारी लाचारी को देखते हुए इस ओर ध्यान न देंगे।

प्रकाशन की इन तमाम असुविधाओं से ऊबकर मिशन की कार्य-कारिणी-समिति ने अपने निजी प्रेस खोलने का निश्चय कर लिया है और इसके लिए वह बराबर प्रयत्नशील भी है। हमें आशा है कि आगामी वर्ष के प्रारम्भ तक हमारा यह प्रयत्न सफल होगा।

———

# "परम पद"

(समर्थ गुरु महात्मा रामचन्द्र जी, महाराज, फतेहगढ़)

— क्रमागत —

(शब्द माहात्म्य)

शब्द चैतन्य की अभिव्यक्ति है। यही जानों की जान, प्राणों का प्राण और अस्तित्वों का अस्तित्व है। इसके आधार पर सारा जगत ठहरा हुआ है। यही कूटस्थ अधिष्ठान आधार मात्र और सबका मदारेउलिया है। यही चौथी अवस्था है। हर जगह इसी शब्द की हरकत गति) की थरथराती हुई धारें दिव्य प्रकाश का दृश्य प्रस्तुत करती हुई विद्यमान हैं। जहां हरकत (गति) है वहां शब्द की धार है।

यही शब्द चक्कर खाने वाली आदि माया के क्षेत्र भंवर गुफा में घूम रहा है, वह भी महाकाल है। यही शब्द नीचे महाकाल के गोलाकार स्थान से उतर कर पारब्रह्म, ब्रह्म, शुद्ध ब्रह्म, सबल ब्रह्म, ईश्वर, परमेश्वर, शेष, महेश, ब्रह्मा, विष्णु आदि बनता है। यही देवी देव है, और यही माया देश में जीव-जन्तु, कीड़े मकोड़े पार्थिव प्राणी आदि भी है।

मंडल मुख्यः तीन है:—

(१) दयाल देश—जहां यह आधार मात्र, निश्चल अवस्था, कूटस्थ और उच्चतम आधार (मदारेउलिया) मात्र है।

(२) महाकाल देश—जिसमें सूक्ष्मता है। इसी के अन्तर्गत अल्तफ, लतीफ और कसीफ अर्थात कारण, सूक्ष्म और स्थूल मंडल भी हैं जो ब्रह्म लोक और पार ब्रह्म लोक आदि कहलाते हैं।

(३) माया देश—जहां कसाफत (स्थूलता) का क्षेत्र है और माया के मेल से शब्द भी स्थूल रूप में काम करता है।

इन्हीं तीनों का रियायती (आनुपातिक) और निस्बती (सांबंधिक) अभिप्राय किसी हद तक द्यु, अन्तरिक्ष और पाताल की परिभाषा में मौजूद है किन्तु इसकी व्याख्या आवश्यक है। बिना सत् वचन और उपासना की सहायता के कठिनाई से समझ में आता है।

प्रारम्भ में क्या था ? वर्णनातीत और अव्याख्येय अन्धकार ने अन्धकार को घेर रक्खा था। मौज (लहर-इच्छा) हुई। तारीकी (अन्धकार) का गिलाफ (आवरण) नीचे उतरा और उसने उतर कर हैरत (आश्चर्य) के अक्स (छाया) को अपने बतन (गर्भ) में लिया, और उससे महाकाल पैदा हुआ, जो अन्धकार (तम) और अक्स (छाया) का शरीरधारी गोलाकार रूप था, उसने इधरउधर देखा और कहा कि मैं हूं। उस वक्त से यह "मैं" का लफ्ज (शब्द) पैदा हुआ। और वह डरा, तब से डर (भय) निकला। मैं (अहम्) के साथ ही गैरियत (परायापन) के वहम (भ्रम) से डर पैदा होता है। फिर उसने सोचा कि मेरे अतिरिक्त और कोई नहीं है मैं क्यों व्यर्थ डरता हूँ। और डर जाता रहा। सोचने से डर जाता रहता है जैसा कि अब भी होता है। उसने असल को देखा और चाहा कि मैं भी उसी तरह बढ़ जाऊं। यह वासना या ख्वाहिस का आरम्भ है जो उस पुरुष से हुई थी और वह अपने अन्दर बढ़ने लगा। तब से उसका नाम ब्रह्म पड़ा।

इसने इस अन्धकार से जिसका नाम माया है और जो इसका असली रूप है, मेल किया। और मटर के दाने की तरह दो रूप प्रकट हुए। एक पुरुष कहलाया यह पहला कायाधारी मुजस्सिम रूप था और दूसरी प्रकृति हुई जो पहले ही गिलाफ (आवरण) के रूप में थी, वही अब निकली। इसका नाम प्रधान भी है। पहले उसने वास्तविकता को ढक रखा था इस रिआयत से उसका यह नाम है।

जब पुरुष और प्रकृति हुई तो दोनों का मेल हुआ तब से साकार अंग रखने वाले रूप उसकी सन्तान के रूप में प्रकट हुए। उसने मिलन के समय प्रकृति के साथ सुख भोगा था अतः सृष्टि की प्रत्येक जाति में नर और मादा के जोड़े का प्रबन्ध है। और यह सिलसिला इस प्रकार चल निकला।

जिस समय तम का आवरण नीचे उतरा था उस समय एक के बाद एक पांच कलाएं भी धार के रूप में नीचे आईं। उनके रंगों में भिन्नता थी। पहली काली, दूसरी पीली, तीसरी लाल, चौथी श्वेत किन्तु लालिमा लिए हुए पांचवीं पूर्णतः श्वेत। यह कलाएं महाकाल मण्डल की हैं। उस काल पुरुष ने फिर ब्रह्म के तीन रूप धारण किए:—

(१) हिरण्यगर्भ, (२) अन्तर्यामी अथवा अव्याकृत, (३) विराट। यह तीन कारण, सूक्ष्म और स्थूल हैं पहली हिरण्यगर्भ कारण अवस्था है जिसमें पांच कारण, कलाएं शून्य महाशून्य हालतों में हैं। दूसरी अन्तर्यामी या अव्याकृत सूक्ष्म



अवस्था है जिसमें पांच कलाओं ने गन्ध, स्पर्श, रूप, रस और गन्ध का रूप धारण किया। यह लिङ्गुटी का मण्डल है। तीसरी विराट स्थूल अवस्था है जिसमें कारण कलाओं ने पांच स्थूल तत्वों का रूप धारण किया— आकाश, अग्नि, वायु, जल और पृथ्वी। यह सहस्त्र दल कमल का मण्डल है। तीनों देह जिस तरह ब्रह्म में हैं, वैसे ही जीव में भी हैं।

जब इस माया और ब्रह्म के मिलन से जीव-जन्तु पैदा हुए तो वह भी इसी के आवरण स्वरूप थे। मनुष्य के स्थूल देह में आकाश तत्व ने गले में, वायु तत्व ने हृदय में, अग्नि तत्व ने नाभि में, जल तत्व ने शिश्नेंद्रिय में और पृथ्वी तत्व ने गुदा में स्थिरता प्राप्त की। यह शरीर भी उन्हीं तत्वों के पञ्चीकरण से बना है। जिस प्रकार शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गन्ध मनुष्य के सूक्ष्म शरीर (हृदय) में रहते हैं वैसे ही वह अन्तर्यामी अर्थात् अव्याकृत में भी हैं। और जिस प्रकार मनुष्य के कारण देह में यह पांचों कलाएं सिमटी पड़ी रहती हैं वैसे ही हिरण्यगर्भ में भी हैं।

काल पैदा करता है और काल ही मारता है। यह काल का अटल नियम है। पहले जीवप्रलय के विषय में ज्ञात होना चाहिए।

जब मृत्यु आती है तब सब से पहले गुदा चक्र से पृथ्वी तत्व खिंच कर इन्द्री चक्र जल के स्थान में आता है और पृथ्वी तत्व जल रूप हो जाता है। हाथ पाँव ठन्डे हो जाते हैं। यह जल प्रलय है। फिर जल इन्द्री चक्र के स्थान से खिंच कर नाभि चक्र मे स्थित होता है और जल अग्नि ही अग्नि बन जाता है। नाभि चक्र से ऊपर का भाग गरम हो जाता है। यह अग्नि प्रलय है। फिर अग्नि अपने क्रम से खिंच कर नाभि चक्र से हृदय चक्र में आती है और हृदय चक्र अर्थात् सीने की हवा से मिल कर वायु का रूप बन जाती है और वायु ही वायु हो जाती है तब शरीर काँप उठता है। यह वायु प्रलय है। फिर अपने क्रम से हृदय चक्र की वायु खिंच कर कण्ठ चक्र के आकाश में आकर उसी के रूप में हो जाती है और गले से शब्द निकलने लगता है यह आकाश प्रलय है। नीचे का शरीर तो मर गया अब आँख से ऊपर का शरीर जीवित है। फिर जीव में जो ब्रह्म तत्व होता है उसका सिमटाव होता है। आँखें उलट जाती हैं और विराट तत्व में समा जाती हैं। यह विराट तत्व अपने क्रम से अन्तर्यामी तत्व में और अन्तर्यामी तत्व हिरण्यगर्भ में समा जाता है। यह ब्रह्म प्रलय है। जिसका नमूना सुषुप्ति है।

फिर ब्रह्म के तीनों देह काल तत्व में जा कर लय हो जाते हैं। यह काल तत्व प्रलय है। काल अपने क्रम से फिर गति प्रदान करनेवाली आदि माया के

भँवर गुफा में लय हो जाता है। आगे की तरफ खिचाव नहीं होता। उसी में ठिठका सिमटा सिकुड़ा पड़ जाता है इसी से महाकाल प्रलय कह सकते हैं। इससे आगे जो आश्चर्य रूप वाला अधिष्ठान कूटस्थ या आधार मात्र है उसके लय प्रलय नहीं होते। वह जैसा है वैसा ही रहता है।

## साधना काण्ड—साधन से तत्व साक्षात्कार

साधो साधन सहज करीजै।
बिन साधन कछु हाथ न आवै साधन भरम सुनीजै।
जग व्यवहार न हो बिन साधे परमारथ न सुनीजै ॥ १ ॥
सँस्कार और करम की जीवा फल के रूप पतीजै।
जैसी करनी वैसी भरनी, करनी बहिया भरीजै ॥ २ ॥
कथनी बदनी काम न आवै करनी को चित दीजै।
नाना रूप परापत अपना भरम प्रभाव भवीजै ॥ ३ ॥
बिन साधन यह भरम न जावै, साधन भरम मिटीजै।
साधन सहज है शब्द योग का उसीका रीति सिखीजै ॥ ४ ॥
मन का मैल विकार मिटै जब, तब निज रूप लखीजै।
सहज ही सहज कमाई करना, भव जल पार चलीजै ॥ ५ ॥
मन का मैल बिकार मिटै जब, तब निज रूप लखीजै।
सत-संग की कृपा से साधे, भरम सुफल करीजै ॥ ६ ॥

परब्रह्म का अर्थ है ब्रह्म से पहले या ब्रह्म से परे। जो दशा त्रिगुणात्मक, तीन देह वाले ब्रह्म के पहले थी या है उसको परब्रह्म कहते हैं। उसकी वह हालत है जिसमें अभी बढ़ने और सोचने की शक्ति प्रकट नहीं हुई थी, केवल माया की गुफा में वास्तविकता की छाया पड़ने से वह व्यक्त हुआ था। उसका खयाली मेराज (काल्पनिक उद्देश्य) बनाकर शारीरिक स्थानों से अलग मान कर उसके रूप को लक्ष्य बनाने के कारण उसको परब्रह्म कहा जाता है। उसका नाम शुद्ध ब्रह्म है। जिसमें शारीरिकता का दोष न हो वह शुद्ध है, और जिसमें शारीरिकता हो वह सबल ब्रह्म है। यह हिरण्य गर्भ की दशा है। यह सुषुप्ति की दशा के समान है। इसके परे शुद्ध ब्रह्म है। जिसको ईश्वर की शब्दावली में काल पुरुष और महाकाल पुरुष कहा है, और यह भँवर गुफा का अधिष्ठान है। ज्ञानेश्वर अर्थात् बड़े ज्ञानी इसको सब कुछ जानते हैं। अधिष्ठान कूटस्थमात्र की दशा इससे ऊँची



है, जिसे सन्तों ने सत्पुरुष बतलाया है, जो सत् लोक का अधिष्ठाता है। चौथी अवस्था को तुरीय कहते हैं, और चौथा पद हर त्रिलोकी की चोटी पर होता है। इससे खाली कोई भी नहीं।

पहला चित्र




एक बड़ा वृत्त है, जिसके अन्दर एक बड़ा त्रिकोण है, और इस त्रिकोण के तीनों किनारों पर एक एक छोटा त्रिकोण है जो अपने अपने विशिष्ट वृत्तों के अन्दर बने हुए हैं। बड़ा वृत्त 'द' अधिष्ठान आधार मात्र है जो बड़ा चौथा पद है। शेष त्रिकोणों के वृत्त अपने अपने त्रिकोणों के क्रमशः चतुर्थ पद है। 'अ' त्रिकोण का वृत्त ब्रह्म है; 'ब' त्रिकोण का दायरा जीव है, और 'ज' त्रिकोण का दायरा प्रकृति है। यह त्रिकोण केवल समझाने के उद्देश्य से बनाये गये हैं। सच बात तो यह है कि ब्रह्म का त्रिकोण अपने वृत्त के साथ सब को घेरे हुए है, और जीव तथा प्रकृति के त्रिकोण उसी के अन्दर हैं जो बीच में हैं। ब्रह्म ऊंचा है और जड़ प्रकृति नीचे है। उसका काल्पनिक चित्र इस प्रकार समझना चाहिये :—

दूसरा चित्र




'अ' ब्रह्म, 'ब' जीव, 'ज' प्रकृति है। यह तीनों त्रिकोण तो साधारण हुये। 'द' बड़ा त्रिकोण है जिसके पेट में तीनों त्रिकोण विद्यमान हैं। यह परब्रह्म है। इसके बाद जो 'ह' वृत्त है वह आधार और अधिष्ठान है।

जीवपना वस्तु स्थिति है, ब्रह्मपना लक्ष्य है। जीव और ब्रह्म दोनों के गुणों को विस्मृत करके ज्ञानी ब्रह्म की वास्तविकता और असलियत को (जो परमब्रह्म है) अपना वैचारिक उद्देश्य बना कर चिन्तन करते हुये उसमें लय होने का साधन करते हैं, और उसी लक्ष्य को सब कुछ समझ कर संतुष्ट हो जाते हैं। बिना साधन के यह भी साक्षात्करण की हैसियत में नहीं आता।

तीसरा चित्र



(१) ब्रह्म की त्रिलोकी कारण, सूक्ष्म और स्थूल को लिए हुये है, जिन्हें आत्मा, हृदय और शरीर कहते हैं।

(२) जड़ अथवा प्रकृति की त्रिलोकी जिसमें कारण-रूप पदार्थकता, सूक्ष्म पदार्थकता और स्थूल पदार्थकता, विद्यमान है।

(३) जीव त्रिलोकी जिसमें भी कारण सूक्ष्म और स्थूल अर्थात् आत्मा, हृदय और शरीर है।

इनके परे चौथा पद है जो तुरीय कहलाता है। किन्तु जो तुरीय परब्रह्म की चोटी पर है, उसको महत्व दिया जाता है :—

चौथा चित्र




तुरीय का जब ज्ञान होगा, तब त्रिपुटी (त्रिपुटी) ज्ञातृ अवश्य रहेगा। यह दोष है, और पूर्णता की स्थिति नहीं है।



जब तुरीयातीत अर्थात् तुरीय में लय अवस्था पैदा हो जायगी तब दोष नहीं रहेगा। फिर इस तुरीयातीत अवस्था में भी लय अवस्था हैं, जिस में फिर त्रुटि नहीं रहेगी। ऐसी हालत का नाम 'सत्' अवस्था है। जो इसमें लय हो जाता है उसे उसका अनुभव तक नहीं होता। क्योंकि अनुभव उसका आरम्भ है, अन्यथा वह स्वयं लय अवस्था में अनुभव रूप हो जाता है।

तुरीय एक असीम दशा है जिसमें अनुभव जागता है। जागृत सीमित है, स्वप्न और सुषुप्ति असीमित है, उसी प्रकार तुरीय भी असीम है। जिस प्रकार जीव-जागृत, जीव-स्वप्न और जीव-सुषुप्ति सीमित है, वैसे ही जीव तुरीय को भी जीव की दृष्टि से ससीम होना चाहिए। किन्तु सुषुप्ति अज्ञान क्यों है—जैसा कि लोग मान रहे हैं? चूंकि उसमें जानने के लिए कोई सामान नहीं रहता, अतः कोई जाने भी तो क्या जाने! वहां जाकर जागृत और स्वप्न दोनों के तत्व सिमट कर बीज रूप में लय और एक हो जाते हैं। इस दृष्टि से चूंकि बेखबरी रहती है, अतः लोग असलियत को न जानकर उसे अज्ञान और अन्धकार कहते हैं। यद्यपि ज्ञान की जड़, बीज सब कुछ इसी के अन्दर है और इसी से स्फुरित होती रहती है हर चीज में ताजगी सुषुप्ति से ही आती है।

यदि ऐसा कोई उपाय मिल जाये कि सुषुप्ति में जाकर भी सुषुप्ति की खबर बनी रहे, तो वहां का पता सम्भव है। यह नितान्त सम्भव है, शर्त यह है कि सोचने वाला दिल जागता रहे और यह उपाय साधन हैं। जब हम जागृत अवस्था में दिल की सहायता से स्वप्न और सुषुप्ति की दशा पर विचार कर सकते हैं तो सुषुप्ति में भी किसी सीमा तक जागृत और स्वप्न का ज्ञान रखने की सम्भवना है, यदि हृदय अपने विचार करने के संस्कार साथ लिये जाये और कोई शक्ति उससे उसी की दशा के बारे में पूछे। बहुधा देखा गया हैं कि एक मनुष्य सो रहा है, गहरी नींद में है। दूसरा उससे सवाल करता जाता है, और वह उसका जवाब देता जाता है। जागने पर उसको ज्ञान नहीं रहता कि उससे प्रश्न किये गये।

तुरीय दिव्य दृष्टि की अवस्था है, जीव-तुरीय सदैव जीव के साथ रहती है अलग कभी नहीं होती। उसका सम्बन्ध सुरत के साथ है। उदाहरणार्थ कोई गंवार आदमी है। किसी प्रकार उसकी जीवावस्था की तुरीय जाग उठी। लोग उस पर भूत, प्रेत आदि का सवार होना कहकर और मार पीट कर तथा कष्ट देकर, उसकी तुरीय अवस्था को दबा देते हैं। जीव-तुरीय तो जीव के साथ रहती है, किन्तु वह ज्ञान के साथ उसमें नहीं गया। अतः उसकी लय अवस्था मेंत्रुटि रह गई और वह हानिकारक सिद्ध हुई। यदि ज्ञान के साथ जाता तो और ही दशा होती

हर हालत हर इन्सान में है किसी की दबी हुई अवस्था में है किसी की उभर आई है। और सब उसी के सहारे रहते हैं। (कोई-कोई) लड़के किसी किसी बात को ऐसा समझते हैं कि कोशिश करने और समझने बूझने पर बूढ़ों के भी समझ में नहीं आती। इसी तरह किसी गवांर मर्द और औरत में भी ऐसी ही दिव्य दृष्टि पाई जाती है। किसी में जरा सा ध्यान देने पर उभर आती है। और किसी को इस दशा को प्राप्त करने में मेहनत और साधन करना पड़ता है, और फिर भी शीघ्र नहीं मिलती। इस जीव तुरीय का उत्थान सुषुप्ति की तरह होता है। उसका विश्वास कम किया जाता है। चूंकि ब्रह्म तुरीय भी काल चक्र के अन्तर्गत है, अतः इसको प्राप्त कर लेने पर गिरावट हो जाती है, और प्राप्त हो जाने पर भी स्थायित्व नहीं होता। किन्तु चौथे पद की तुरीय अवस्था एक रस होती है। क्रमशः इसका साधन कर लेने से जब मन उसका रुप धारण कर लेता है तो फिर स्थाई दशा प्राप्त हो जाती है और वापसी नहीं होती।

## साधन (१) सत्संग (२) अभ्यास

उपासना सतगुरु की करनी चाहिए। वास्तविकता के संग को सतसंग कहते हैं। अभ्यास शब्द योग के साधन की दक्षता का नाम है।

सतगुरु की परिभाषा यह है कि (१) वह सत्निष्ठ हो, अर्थात् जिसकी चौथे पद में स्थिति हो और जीवनमुक्त दशा में विचरता हो।

२—वह शब्द अभ्यासी हो अर्थात् शब्द-अभ्यास के द्वारा अन्दर के स्थानों को नियन्त्रित किए हो, जो मनुष्य के मस्तिष्क में हैं।

३—उसके नेत्र प्रकाशवान् हों और उसका मत्था चौड़ा हो।

४—वह ज्ञान भक्ति और कर्म की समझ रखता हो और सवाल करने वालों को जवाब दे सकता हो, और सवाल करनेवालों की जबान को बन्द न करता हो।

५—केवल आध्यात्मिक बातों से सम्बन्ध रखता हो अर्थात् उनकी ओर ध्यान देता हो। यह मामूली पहचान है किन्तु वास्तविक आन्तरिक पहचान यह है कि उन्मीलित अर्न्तदृष्टि के द्वारा आन्तरिक फैज दे देकर अपने शिष्यों को सन्तुष्ट करता हो।

चौ०—तीसर तल चित वृत्ति निरोध। इसी लोक से हो परबोध॥
जब यह दशा लखे सखि अन्तर। सहस कमल दल साधे अन्तर॥
यह कसरत बिराट का थाना। ताको ब्रह्माण्ड कर जाना॥
श्याम कुन्ज में सूरत धरे। ज्योति लखे-धुनि श्रवनन करे॥
घण्टा शंख मधुर धुनि बानी। प्रकटे ज्योति प्रकाश निशानी॥

दो०—सुन अनहद अरु ज्योति लखि, सुरत परत हरषाय।
बाढ़े प्रेम मगन मन, हिय जिय अति उमगाय॥

चौ०—कछु दिन सहस कमल दल बासा। फिर दूजे मन्जिल की आसा॥
बंक नाल चढ़ि त्रिकुटी धावे। ओंकार का दर्शन पावे॥
ओंकार सत्गुरु प्रसाद। धारे चित्त वृत्ति को साध॥
यह गुरुस्थान सुनहला। अन्तर सत संग वचन का मेला॥
सूरज लाल लाल रंग बाना। ओम मृदंग धुनि आवे काना॥

दो०—इक टक नयन जमावे, एक चित्त सुन धुनि वैन।
देह दशा स्थिर करे, तब आगे के सैन॥

चौ०—त्रिकुटी साधन साध कहावे। साधू सोई देह पद पावे॥
यह उपासना अन्तर भाई। यहां से गुरुमत चाल चलाई॥
सुन मन्डल की ओर सिधावे। द्वैत सहज आ मन मन भावे॥
सीतल चन्द अमी रस-पागा। जो लखि पावे परम सुभागा॥
किंगरी सारंगी धुनि धूम। सुन्न सुरत रहे भीतर झूम॥

दो—सुरत निरत का रूप धर, नाच रही सुन धाम।
निरख परख अपनी दशा, पावे थिर विश्राम॥

चौ०—अन्धकार जहं घोर व्यापा। सुरत निरत नहिं चीन्हे आपा॥
सुन्न समाधि लागी तारी। महा सुन्न सोइ अकथ अपारी॥
ब्रह्मरंध्र का शिखर सुहाना। नाम प्रताप सुरत लखि जाना॥
जग मग सूरज सत रंग चमका। प्रगटा सारंगी सुन हरखा॥
मान सरोवर कर अस्नाना। हंस सुगति मति सुबुधी जाना॥

दो०—कलिमल अवगुन धोयकर, निर्मल बिमल अनूप।
क्षीर नीर को छान कर, धरा हंस का रूप॥

# तुम्हे कैसे पाँऊ भगवान

[ कु० अंजि टंडन ]

बेटा वैराग्य ! बेटा वैराग्य !

न जाने कहाँ चला गया मेरा वैराग्य ? खाने का समय हो गया न जाने कहाँ भूखा भटक रहा होगा। सभी कहीं तो देख आई, सारा घर देख डाला, मोहल्ला देख डाला लेकिन वैराग्य का पता न चला।

आत्मा अटल, विश्वास सभी के घर तो दिखला लिया। उसके सभी साथी अपने-अपने घर पर अपनी प्रेममयी माता द्वारा पकाया भोजन पा रहे हैं और आज मेरा वैराग्य न जाने कहाँ चला गया ?

तभी माँ ने देखा कि कोने वाले कमरे में आलमारी के पीछे एक कोने में दुबककर बैठा हुआ वैराग्य सिसकियाँ भर रहा था।

माँ ने एकदम से अपने लाड़ले का आँचल में भर लिया और गोद में उठाकर बड़े प्यार से पूछा,—"मेरे लाल ! तू क्यों रो रहा है ?"

"मेरा आज रोने का ही जी चाह रहा है, माँ।"

"मेरे बेटे अपनी माँ को अपने रोने का कारण नहीं बतायेगा ?"

"बताने से फायदा ही क्या ? क्या माँ तुम उसका हल बता सकोगी ?"

'कारण तो बता नहीं मेरे लाडले — मैं उसका हल जरूर बताऊंगी। जिस माँ ने तुझे जन्म दिया वह तेरी परेशानी को दूर न कर सके लेकिन क्या हल भी नहीं बता सकती बेटे !

"माँ !" मुझे विश्वास नहीं होता।"

"ऐसा क्या प्रश्न है जिसका मैं तुझे हल नहीं बता सकती, तू बता तो सही।"

अच्छा तो सुनो ! माँ, मैं ईश्वर को प्राप्त करना चाहता हूं, कैसे करूं बता।

यह क्या कह रहा है तू, अभी तेरी आयु ही क्या है, अभी तो इतना छोटा है, छोटे बच्चे तो स्वयं ईश्वर होते हैं।

नहीं माँ ! मैंने कहा था न कि तुम हल नहीं बताओगी। मैं तो ईश्वर जरूर प्राप्त करूंगा।



कैसा भोला, मासूम है मेरा वैराग्य इतनी छोटी उम्र में इतना समझदार, मैं क्या उत्तर दूं इसके प्रश्न का।

अच्छा बेटा यह तो बता कि तुझे ईश्वर के विषय में किसने बताया।

माँ ! आत्मा, अटल और विश्वास सभी तो कहते हैं कि उनमें तो "यथा नाम तथा गुण" है और मेरा नाम तो वैराग्य है लेकिन मुझमें वैराग्य नाम की कोई चीज नहीं। तब माँ मैं उनकी बात पर सोचने लगा तथा खेल छोड़कर मैं सामने वाले बगीचे के पेड़ के नीचे बैठ गया। मैं सिर झुकाये पृथ्वी की ओर देख रहा था।

तभी किसी ने आवाज दी, "बेटा ! यहाँ कैसे अकेला बैठा है, क्या सोच रहा है।" मैंने सिर ऊपर उठाया, देखा एक गेरुआ वस्त्रधारी बाबा थे। मैंने बाबा के चरण स्पर्श किए और बड़ी आशा, जिज्ञासा एवं उत्सुकता से कहा, ईश्वर चाहता हूं, वैराग्य चाहता हूँ बाबा ! यह बता दो कि मुझमें वैराग्य कैसे आये ?"

इस पर बाबा मुस्कराया और कहा, 'कि तुम अभी बच्चे हो क्या करोगे पूछकर।"

मैंने हठ किया, 'नहीं बाबा मुझे बताओ।" तो उन्होंने (बाबा), कहा वैराग्य ईश्वर की प्राप्ति से आता है। अब बता माँ ईश्वर की प्राप्ति कैसे करूं।

माँ ने कहा, बेटा ! ईश्वर की प्राप्ति गृहस्थ आश्रम में ही हो सकती है—यह निश्चित है। ईश्वर का असली रूप गृहस्थ आश्रम में ही देखा जा सकता है। देखो बेटा ! राम, कृष्ण सभी अवतारों के दर्शन तो गृहस्थ आश्रम में ही हुये। गीता में तो श्रीकृष्ण जी के द्वारा कहा गया है कि 'जब धर्म का ह्रास होता है, तब मैं जन्म लेता हूं।' तो बेटा आज जबकि धर्म का ह्रास हो रहा है—तो जरूर ही कोई महान् व्यक्तित्व (अवतार) अपना कार्य कर रहा होगा—वह महान् परमब्रह्म परमेश्वर मनुष्य रूप से इस संसार में कहीं विचर रहा होगा। परन्तु माँ बेचारी स्वयं अनभिज्ञ थी उस महान् व्यक्तित्व से। नहीं तो क्या अपने प्रिय बेटे का बिछोह सहन कर सकती ?

इतना समझाने पर भी वैराग्य को कहाँ शान्ति, उसमें कहाँ धैर्य—क्योंकि अब तो उसकी आत्मा जाग्रत हो चुकी थी। लेकिन आत्मा में अभी ठहराव नहीं उत्पन्न हुआ था।

भयानक अंधेरी रात, काले घटा छाई हुई तारागणों ने तो इस भयानकता से बचने के लिए आने को छोड़ दिया था। परन्तु ईश्वर अपनी महिमा से ऐसा प्रतीत होता था पत्तों और ओलों की वर्षा में फूल व मोती की वर्षा कर

# तुम्हे कैसे पाँऊ भगवान

[ कु० शशि टंडन ]

बेटा वैराग्य ! बेटा वैराग्य !

न जाने कहाँ चला गया मेरा वैराग्य ? खाने का समय हो गया न जाने कहाँ भूखा भटक रहा होगा। सभी कहीं तो देख आई, सारा घर देख डाला, मोहल्ला देख डाला लेकिन वैराग्य का पता न चला।

आत्मा अटल, विश्वास सभी के घर तो दिखला लिया। उसके सभी साथी अपने-अपने घर पर अपनी प्रेममयी माता द्वारा पकाया भोजन पा रहे हैं और आज मेरा वैराग्य न जाने कहाँ चला गया ?

तभी माँ ने देखा कि कोने वाले कमरे में आलमारी के पीछे एक कोने में दुबककर बैठा हुआ वैराग्य सिसकियाँ भर रहा था।

माँ ने एकदम से अपने लाड़ले का आँचल में भर लिया और गोद में उठाकर बड़े प्यार से पूछा,—"मेरे लाल ! तू क्यों रो रहा है।"

"मेरा आज रोने का ही जी चाह । है, माँ।"

"मेरे बेटे अपनी माँ को अपने रोने का कारण नहीं बतायेगा।"

"बताने से फायदा ही क्या ? क्या माँ तुम उसका हल बता सकोगी ?"

'कारण तो बता मेरे लाडले — मैं उसका हल जरूर बताऊंगी। जिस माँ ने तुझे जन्म दिया वह तेरी परेशानी को दूर न कर सके लेकिन क्या हल भी नहीं बता सकती बेटे !

"माँ !" मुझे विश्वास नहीं होता।"

"ऐसा क्या प्रश्न है जिसका मैं तुझे हल नहीं बता सकती, तू बता तो सही।"

अच्छा तो सुनो ! माँ, मैं ईश्वर को प्राप्त करना चाहता हूं, कैसे करूं बता।

यह क्या कह रहा है तू, अभी तेरी आयु ही क्या है, अभी तो इतना छोटा है, छोटे बच्चे तो स्वयं ईश्वर होते हैं।

नहीं माँ ! मैंने कहा था न कि तुम हल नहीं बताओगी। मैं तो ईश्वर जरूर प्राप्त करूंगा।



कैसा भोला, मासूम है मेरा वैराग्य इतनी छोटी उम्र में इतना समझदार, मैं क्या उत्तर दूं इसके प्रश्न का।

अच्छा बेटा यह तो बता कि तुझे ईश्वर के विषय में किसने बताया।

माँ ! आत्मा, अटल और विश्वास सभी तो कहते हैं कि उनमें तो "यथा नाम तथा गुण" है और मेरा नाम तो वैराग्य है लेकिन मुझमें वैराग्य नाम की कोई चीज नहीं। तब माँ मैं उनकी बात पर सोचने लगा तथा खेल छोड़कर मैं सामने वाले बगीचे के पेड़ के नीचे बैठ गया। मैं सिर झुकाये पृथ्वी की ओर देख रहा था।

तभी किसी ने आवाज दी, "बेटा ! यहाँ कैसे अकेला बैठा है, क्या सोच रहा है।" मैंने सिर ऊपर उठाया, देखा एक गेरुआ वस्त्रधारी बाबा थे। मैंने बाबा के चरण स्पर्श किए और बड़ी आशा, जिज्ञासा एवं उत्सुकता से कहा, ईश्वर चाहता हूं, वैराग्य चाहता हूँ बाबा ! यह बता दो कि मुझमें वैराग्य कैसे आये ?"

इस पर बाबा मुस्कराया और कहा, 'कि तुम अभी बच्चे हो क्या करोगे पूछकर।"

मैंने हठ किया, 'नहीं बाबा मुझे बताओ।" तो उन्होंने (बाबा), कहा वैराग्य ईश्वर की प्राप्ति से आता है। अब बता माँ ईश्वर की प्राप्ति कैसे करूं।

माँ ने कहा, बेटा ! ईश्वर की प्राप्ति गृहस्थ आश्रम में ही हो सकती है—यह निश्चित है। ईश्वर का असली रूप गृहस्थ आश्रम में ही देखा जा सकता है। देखो बेटा ! राम, कृष्ण सभी अवतारों के दर्शन तो गृहस्थ आश्रम में ही हुये। गीता में तो श्रीकृष्ण जी के द्वारा कहा गया है कि 'जब धर्म का ह्रास होता है, तब मैं जन्म लेता हूं।' तो बेटा आज जबकि धर्म का ह्रास हो रहा है—तो जरूर ही कोई महान् व्यक्तित्व (अवतार) अपना कार्य कर रहा होगा—वह महान् परमब्रह्म परमेश्वर मनुष्य रूप से इस संसार में कहीं विचर रहा होगा। परन्तु माँ बेचारी स्वयं अनभिज्ञ थी उस महान् व्यक्तित्व से। नहीं तो क्या अपने प्रिय बेटे का बिछोह सहन कर सकती ?

इतना समझाने पर भी वैराग्य को कहाँ शान्ति, उसमें कहाँ धैर्य—क्योंकि अब तो उसकी आत्मा जाग्रत हो चुकी थी। लेकिन आत्मा में अभी ठहराव नहीं उत्पन्न हुआ था।

भयानक अंधेरी रात, काले घटा छाई हुई तारागणों ने तो इस भयानकता से बचने के लिए आंख को छिपा लिया था। परन्तु ईश्वर अपनी महिमा से ऐसा प्रतीत होता था पानी और ओलों की वर्षा में फूल व मोती की वर्षा कर

रहा हो—एक समा सा बंधा था। ऐसी ही अंधेरी रात में वैराग्य ने घर छोड़ दिया। न जाने कहाँ जा रहा था ? अनजान दिशा की ओर, किसी की खोज में। खोज में तल्लीन था, रास्ते के अतिरिक्त अन्य कुछ दिखता ही न था।

न जाने कब तक और कैसे वह चलता रहा. न जाने किस चीज की लगन थी, न जाने कहाँ का जोश था। उसे यह भी भान न हुआ कि रात कब आई और कब चली गई।

उसका तो भास तब हुआ जब किसी ने आवाज दी -'बेटा यहाँ क्या कर रहे हो—क्या चाहिए।" आवाज सुनते ही उस ओर देखा। मन्द मन्द समीर बह रही थी। सूर्य देवता अपने पूरे रूप में लालिमामय होकर निकल पड़े थे, गगन में किरणें फैली हुई थी, मालूम होता था जैसे चाँदी थाली में किसी ने सोना बिखेर दिया हो—पौ फट चुकी थी। उसने अपने को एक विशाल बगीचे में पाया, सामने आश्रम सा मालूम होता था, शायद ब्रह्मचारी प्रातःकाल की वन्दना करने जा रहे थे।

यह प्रश्न था एक सन्यासी का। जब कुछ क्षणों तक कोई प्रत्युत्तर न पाया तो वैराग्य के पास आकर उसे हिलाया, वह तो न जाने किस दुनिया में था।

चौंककर बोला—"ईश्वर की खोज में निकला हूं। क्या यहाँ कुछ जल मिल सकता है, प्यासा हूँ।' थकान का तो अन्दाज ही न था।

सन्यासी को उसकी एक ही दृष्टि ने मोह लिया। बोले ! मेरे साथ आओ बेटे। पहिले जल पियो, विश्राम करो, भोजन पाओ। मैं सब कुछ तुम्हें बताऊंगा, ईश्वर प्राप्ति का रास्ता भी बताऊंगा।'

वैराग्य को कुछ आश्वासन एवं सांत्वना तो अवश्य मिली परन्तु प्रफुल्लता का नाम भी नहीं था। जिस चीज की खोज में वह सब कुछ भूल चुका था, उसे पाकर प्रफुल्लता भी नहीं क्यों।

वैराग्य की बुद्धि भ्रम में पड़ गई। उसने धोखा खाया था—सद्गुरु की परख में। खैर अनमने मन से खाया, पिया, विश्राम किया—थकान दूर हुई। उठते ही फिर वही एकमात्र रट—'ईश्वर की प्राप्ति।' सन्यासी बाबा ने अन्य शिष्यों की भांति उसे भी मंत्र, जाप, पूजा पाठ, अनुष्ठान बतला दिये। वैराग्य जी जान से पूजा-पाठ में जुट गया क्योंकि उसे ईश्वर की प्राप्ति जो करनी थी।

भजन, वेद मंत्रों, यज्ञों में भाग लेता, परन्तु फिर भी कोई उन्नति उसे नजर नहीं आई। क्योंकि रास्ता जो गलत था, उन्नति होती कहाँ से, शांति मिलती कहाँ से। कुयें के नाम से कभी प्यास बुझती है क्या ? वैराग्य की तबियत खिन्न-खिन्न सी रहती थी, लेकिन बुद्धि धोखा खा सकती थी परन्तु आत्मा नहीं।

वैराग्य को ज्ञान न था कि बुद्धि भौतिक जगत की श्रेष्ठता है और आत्मा आध्यात्मिक जगत की। वास्तविकता तो यह थी—आत्मा का ठहराव अभी नहीं हुआ था—वही स्थिति जो घर छोड़ने के समय पर थी।

एक दिन बड़े जोर-शोर से रामधुन हो रही थी शहर के बड़े सेठ सत्संग जो बैठाला था। वैराग्य (यज्ञों का ज्ञाता माना जानेवाला, वहाँ उपस्थित न था। न जाने क्यों आज उसके दिल में टीसन हो रही थी अजीब सा दर्द था—तबियत खिन्न थी। उस आश्रम में जिसके अन्दर उसने आशा मिश्रित भाव से प्रवेश किया था—परन्तु नजर आ रहा था निरुत्साह, नीरसता एवं नैराश्य।

वैराग्य का उधर कीर्तन में महात्मागण तथा भक्तगण बड़ी बेचैनी से इन्तजार कर रहे थे—अपनी क्षणिक भक्ति की भूख को मिटाने के लिए। क्योंकि वही तो था सर्वेसर्वा मंडली का, वही तो था दरिद्र भजनों की अतृप्त, अतृप्त, असंतप्त भूख को मिटाने वाला सन्यासी राजा। उसके बिना कीर्तन जम ही न रहा था- बड़ी लगन, विश्वास प्रेम एवं भक्ति के साथ यह सब कुछ किया था परन्तु था व्यर्थ क्योंकि असली स्थान पर पहुंचने की इसमें न संभावना थी और न ही रास्ता।

इधर वैराग्य अपने विचारों में खोया हुआ था—मस्तिष्क में मालूम होता था उतार-चढ़ाव आज ही आँख मिचौनी खेल लेंगे। आज वैराग्य ने यह आश्रम भी छोड़कर अनजान पथ पर जाने का पुनः इरादा किया—आत्मिक शांति एवं अटल विश्वास के साथ। तभी इंतजार से थक कर, गुरूजी कीर्तन के लिए स्वयं वैराग्य को बुलाने आये—लेकिन वैराग्य आश्रम छोड़ चुका था। आज आश्रम छोड़ते समय वह उतना नासमझ व अज्ञानी नहीं था। आन्तरिक रूप से आत्मा व बुद्धि ज्ञान से प्रकाशित हो रही थी, लेकिन फिर भी एक (ईश्वर की याद में) बेकरारी, तड़प व टीसन थी।

वैराग्य आज अजीब सी स्थिति लिए हुये आश्रम से बहुत दूर—ऐसा प्रतीत होता था कि गति के रास्ते की ओर अग्रसर हो रहा हो—लेकिन अब उसके कदम सूनसान, बियाबान जंगल व आश्रम की ओर न जाकर—बढ़ रहे थे नगर व उसकी घमसान बस्ती की ओर। उसकी आत्मा बेचैन थी, उसका मन व्याकुल था, उसे किसी की तलाश थी।

तभी किसी की आवाज ने उसे चौंका दिया, "कहां जाना चाहते हो, किसकी तलाश है ?" वैराग्य को अजनबी की आवाज में अपनत्व महसूस हुआ। इससे पहिले कि वैराग्य कोई उत्तर देता अजनबी पुनः बोल उठा—"थके और बेचैन मालूम होते हो, आओ मेरे साथ।"

वैराग्य बिना कुछ कहे सरल भाव से उस अजनबी के पीछे चल दिया। वैराग्य का आशय वे समझ चुके थे फिर भी स्पष्ट मालूम किया। वैराग्य ने

अपनी कहानी बड़े अनमने मन से सुना डाली और फिर वही खोज.....। पर आज पहली बार उसे महसूस हो रहा था कि जिसकी उसे तलाश थी वह अब दूर नहीं। तभी उन सज्जन ने वैराग्य से कहा—"भाई ! बड़े नसीब वाले हो, आज अनायास तुम वहाँ पहुंच गये जहाँ तुम्हारी कामना पूर्ति होगी।" वैराग्य बोला कहाँ ? उन्होंने कहा, "चलना मेरे साथ, वहाँ जहाँ तुम्हें सत्य का साक्षात्कार होगा। तुम्हारी अतृप्त आत्मा की तृप्त होगी।"

पता नहीं क्यों उसकी जिज्ञासा पाने के लिए बढ़ती ही जा रही थी और उसे लगता था कि आज उसे अपने वास्तविक लक्ष्य प्राप्ति सम्भव प्रतीत हो रही थी। फिर भी वह अपने मन की असीम उत्कंठा न छुपा सका और पुनः पूछा कहाँ चलना होगा।

उन सज्जन ने बड़े ही सहज व सरल भाव से उत्तर दिया—"मिशन में" श्रद्धेय 'बाबू जी' के पास।

वैसे वह धर्म संस्थाओं से उकता चुका था क्योंकि धोखा जो खाया था, समय जो गंवाया था। पर 'बाबूजी' का नाम सुनते ही उसके हृदय में एक विचित्र प्रकार का कम्पन हुआ, एक बिजली सी कौंध गई—उसे ऐसा लगा जैसे की उसकी आत्मा को ठहराव मिल रहा है—और उसे उसकी मंज़िल मिल गई। पर उसी क्षण उसे शंका ने धर दबाया क्योंकि धोखा जो खाया था, समय जो गंवाया था।

शाम गये 'श्रद्धेय बाबू जी' के यहाँ पहुंचा। देखता ही रह गया। उसे अपनी आँखों पर यकीन न हो रहा था—उस महान् व्यक्तित्व को देखकर। वह नहीं सोच सकता था कि ऐसा प्रभावशाली व्यक्तित्व गृहस्थ आश्रम में हो सकता है। उस मकान के शान्त वातावरण ने उसके रोम-रोम को प्रफुल्लित कर दिया था। आज उसे वर्षों बाद अपनी माँ याद आई। जिसने कहा था—"ईश्वर की प्राप्ति गृहस्थ आश्रम में ही हो सकती है। ईश्वर का असली रूप गृहस्थ आश्रम में ही देखा जा सकता है।"

आज उसे सच्ची शान्ति प्राप्त हुई क्योंकि ईश्वर—सद्गुरू के द्वारा आत्मा का आह्वान जो हुआ। उसके सारे प्रश्न हल हो चुके थे, शंका लुप्त हो चुकी थी और उसकी आत्मा में अटल विश्वास और हृदय में प्रेम जाग्रत हो चुका था। ईश्वर प्राप्ति की क्षुधा बुझ चुकी थी—क्योंकि ईश्वर तो मिल चुका था और वह स्वयं ईश्वर की गोद में था।

आज उसे हंसी आ रही थी गेरुआ वस्त्र धारी बाबा पर और तरस आ रहा था सन्यासी पर।



# गुरु महिमा

( श्री गुंडे राव पटवारी नागवरकर 'साहित्य रत्न' हिन्दी विद्वान )

शायद ही संसार में ऐसा कोई देश होगा जो अपने गुरू को वह स्थान देता हो, जो भारतीय संस्कृति देती है।

ईश्वर नाम के साथ साथ हमारे हृदय में गुरू का स्थान बहुत ऊंचा है कबीर के विचारानुसार गुरू तो ईश्वर से बढ़ कर है, बिना गुरू की सहायता के परमात्मा की प्राप्ति नहीं हो सकती।

गुरू की कृपा ही आत्मा को परमात्मा से मिलने के रास्ते पर ले जाती है। अतएव गुरू जो अध्यात्मिक जीवन का पथ-प्रदर्शक है ईश्वर से अधिक आदरणीय है।

कबीर ने उस समय जब गुरू गोबिन्द दोनों खड़े थे, गुरू के चरणों को छूकर यह सिद्ध कर दिया कि गुरू ही सर्वश्रेष्ठ है और उसी गुरू ने ही कबीर को गोविन्द से मिलाया।

मेरा विचार है कि बिना गुरू के ईश्वर का ज्ञान नहीं होता। यह कठिन ही नहीं बल्कि असंभव है ? अध्यात्मिक जीवन के लिए ऐसे गुरू की आवश्यकता है जो हमारे परम लक्ष्य की प्राप्ति में सहायक हों और हमें उस उस स्थान तक ले जाये जहाँ तक वह स्वयं पहुंच चुका हो ?

भारत के संतों का विचार वास्तव में सही है—"गुरू आत्मा और परमात्मा के मध्यस्थ हैं" यदि इस मध्यस्थता की आवश्यकता को भूल जायें तो मालूम नहीं कहाँ रास्ता भूल जायें ?

आज जब मैं गुरू महिमा पर अपने विचारों को प्रगट कर रहा हूँ तो मैं चाहता हूं कि उस वस्तु को भी आपके सम्मुख रखूं और उसे प्रकाशित करूं जिसको कबीर ने कहा था ?

कबीर ने इस प्रकार गुरू का परिचय दिया है कि—"वह गुरू धन्य है, जो पतित से पतित आत्मा को ज्ञानमय बनाकर पाप और पुण्य का बोध कराता है, उन्नति और अवनति का तात्पर्य है तथा आत्मा को प्रकाशित करने का क्या

साधन है ? गुरू पथ-प्रदर्शन का कार्य करें जब शिष्य अपना निर्दिष्ट मार्ग भूलकर रास्ता भटकता है वहाँ गुरू का कर्तव्य है कि उसको सहारा दें, जब शिष्य माया मोह मृगतृष्णा पर मुग्ध हो छल, कपट और झूठ से अपने जीवन को बांध लेता है, उस समय गुरू ही उसे उचित मार्ग पर ले आता है और ऐसा तेज शिष्य में भर देता है कि चारों तरफ उसको प्रकाश की छटा ही नजर आती है।

गुरुर्पिता गुरुर्माता गुरूर्देवो न संशयः।
कर्मणा मनसा वाचा तस्मात्सर्वै प्रसेव्यते।

अब यह हमारा सौभाग्य है कि हमें ऐसा सद्गुरू मिल जावे।

सहज मार्ग की साधना-पद्धति हमें ऐसे ही स्तर पर ला खड़ा करती है कि आज इस पवित्र समय में हम सद्गुरू की प्राप्ति करके उनकी आज्ञानुसार चलकर मुक्त हो जायेंगे। मेरी यही प्रार्थना है कि हम सबको गुरू महिमा समझने की शक्ति दें, यही जीवन है। भगवान करे सदा भारत को ऐसे गुरुओं की सेवायें प्राप्त हों और हम सब मुक्त हो जावें।



# मनुष्य की समस्या

ईश्वर सहाय

मानव-जीवन की समस्या को पूर्णतयः समझ पाना कठिन है। यदि इस पर भलीभांति विचार किया जाये तो मालूम होगा कि मनुष्य जीवन में केवल दो ही वस्तुओं को चाहता है आराम और खुशी। इसके कुल विचार एवं कार्य इन्हीं दो इच्छाओं को लेकर ही होते हैं और जीवन भर वह इन्हीं की खोज में संलग्न रहता है तथा इसी के उपाय सोचता रहता है।

मनुष्य की यह इच्छायें स्वाभाविक भी हैं और इस लिहाज से यह गलत भी नहीं है। इसमें गलती केवल तब आ जाती है जब इन दोनों वस्तुओं का अर्थ वह सही नहीं समझता है। साधारणतयः आराम का अर्थ यह लगाया जाता है कि शरीर को परिश्रम एवं कष्ट से बचाना और खुशी का अर्थ यह लगाया जाता है कि हर बात अपने मन की रुचि के अनुसार होना। बस मनुष्य यहीं पर गल्ती करता है जिसके कारण यह एक कठिन समस्या बन जाती है।

परिश्रम से अपने आपको बचाने का अर्थ यह हुआ कि काहिली और सुस्ती को आदत बना लेना। इससे सम्भव है कि कुछ देर के लिये शरीर को आराम तो मिल जाये परन्तु आगे चलकर यही चीज रोग एवं दुख का कारण बन जाती है। इस प्रकार परिश्रम से बचना ही हमारे दुःख का कारण बन जाता है। अब रही खुशी की बात, मन के अनुसार हो सब बातों का पूर्ण होना है इच्छाओं की पूर्ति। इच्छाओं में अच्छी और बुरी दोनों ही सम्मिलित हैं, अतः हर इच्छा की पूर्ति कभी सुख या खुशी का कारण नहीं हो सकती। इसके अतिरिक्त यह भी बात है कि इच्छाओं की पूर्ति हो जाने से इच्छाओं अथवा कामनाओं का अंत नहीं हो सकता है। एक की पूर्ति होते ही तुरन्त दूसरी इच्छा सामने आती है और इच्छा की पूर्ति असम्भव है। इस कारण इच्छाओं एवं कामनाओं का पूर्ण होना खुशी का कारण नहीं बन सकता है।

वास्तविक बात यह है कि सुख और दुख, आराम और कष्ट दोनों ही एक दूसरे पर आधारित हैं। एक के बिना दूसरे का अस्तित्व ही नहीं हो सकता। एक चीज का आभास एवं अनुभव हमें तभी प्राप्त होता है जबकि उसकी विरोधी चीज हमारे ख्याल में मौजूद है। दोनों ही चीजें परस्पर साथ ही हैं और किसी भी एक दूसरे से भिन्न नहीं हो सकतीं। यह एक ही चीज के दो मुख्य अंग हैं जो भिन्न स्तर पर, भिन्न दृष्टिकोण बना लेने से ही भिन्न-भिन्न दिखाई पड़ते हैं। इसका अर्थ यह हुआ कि पूर्ण रूप से एक से छुटकारा और दूसरे की प्राप्ति व्यर्थ की बात है, और केवल मन की कला का तमाशा

मात्र है। दूसरी बात यह भी है जैसा कि हम जानते हैं कि हमारा संसार में आना केवल संस्कारों के भोग का ही परिणाम है और इसमें अच्छे बुरे दोनों ही संस्कार सम्मिलित हैं। अच्छ संस्कारों का परिणाम आराम एवं खुशी है और बुरे संस्कारों का परिणाम दुःख एवं कष्ट होता है इसलिये समय-समय पर इन दोनों चीजों का हमारे सन्मुख आते रहना आवश्यक है। किसी एक से भी पूर्णरूप से छुटकारा पाना असंभव है।

जब यह बात है तो फिर सुख और आनन्द एवं परम सुख और परमानन्द, जिसका वर्णन हमारे धार्मिक ग्रंथ करते हैं वह क्या वस्तु है। यह सत्य है कि हमारे धार्मिक सुख और आनन्द की दशा को प्राप्त करने को प्रेरित करते हैं परन्तु इच्छा अर्थ यह नहीं हुआ जैसाकि हम समझते हैं। इसका वास्तविक अर्थ यह है कि हमें उस दशा को प्राप्त करना है कि जहाँ पर सुख, दुख, कष्ट और आराम का भान न हो और हमारा मन उसमें लिप्त न हो सके बल्कि यह दोनों के प्रभाव से मुक्त रह सकें। या यों कहें कि यह एक समान गति में ही रहे। वास्तव में जिस सुख और दुख के विषय में कहा गया है वह यही दशा है और इसी दशा में पूर्ण रूप से स्थिरता प्राप्त कर लेना ही परम सुख अथवा परमानन्द की अवस्था है और यह ऐसी दशा है कि जो आध्यात्मिक क्षेत्र में बहुत उन्नति करने पर प्राप्त होती है। किन्तु यही अन्त नहीं है इसे तो अभी प्रारम्भिक-चरण ही कहना उचित है या यों समझ लीजिये कि वास्तव में यहीं से हमारी आध्यात्मिक-यात्रा का प्रारम्भ होता है। आश्चर्य है कि लोग इसी को लक्ष्य समझ लेते हैं और जीवन भर इसी में उलझे रहते हैं।

ईश्वर-दर्शन का मामला भी बहुत विचित्र है और बहुधा लोग इसी उद्देश्य को लेकर चलते हैं और समझते हैं कि दर्शन हो गया तो बस काम बन गया। दर्शन के अर्थ वे यह लगाते हैं कि भगवान का एक कल्पित रूप जो उन्होंने मान रखा है उनकी दृष्टि के सम्मुख आ जावे और हम उसको देखकर ही खुश हो लें। बड़े आश्चर्य की बात है कि जब हम ईश्वर को निराकार मानते हैं तब फिर रूप-दर्शन के क्या अर्थ हुए। जिसका रूप ही नहीं नहीं उसका दर्शन कैसा ? अतिरिक्त इसके कि एक मनगढ़न्त विचार बना लें। ऐसा भी होता है कि गहन-विचार बना लेने पर आकार दृष्टि के सामने आ तो जाता है परन्तु यह केवल अपने मन का खेल हो जाता है वास्तविक चीज नहीं हो सकती इसलिए वास्तविकता से हम दूर ही रह गये। दूसरी बात यह भी है कि जब हमने अपने उद्देश्य को स्थूलता में बाँध दिया तो सूक्ष्म दशा को प्राप्त करने का प्रश्न ही कहां रहा। हम इसी प्रकार से स्थूलता के घेरे में ही चक्कर लगाते रहे और मन-गढ़न्त विचारों के जाल में उलझते रहे। ईश्वर-प्राप्ति का ऐसा अर्थ लगाने वालों का बस ईश्वर ही मालिक है।

बहुधा लोग शान्ति प्राप्ति के पीछे लगे रहते हैं और समझते हैं कि यदि यह



चीज मिल गयी तो कार्य सिद्ध हो गया। अन्य शब्दों में शान्ति-प्राप्ति को ही ईश्वर प्राप्ति समझ लेते हैं। यह केवल धोखा ही है और शान्ति का अर्थ विचारों को दबा देना या मन की गति को थोड़ी देर को रोक देना ही शान्ति समझते हैं परन्तु यह बिल्कुल गलत है। शान्ति की वास्तविक दशा तो यही कही जा सकती है कि जिसमें बाह्य-प्रभावों से मुक्त रहे और हर अच्छी बुरी चीज मन पर से ऐसे गुजर जाये जैसे चिकने घड़े पर से पानी। शान्ति की अवस्था अभ्यास के परिणाम स्वरूप ही पैदा होती है इसके लिए प्रयत्न करना व्यर्थ है। यदि इसको उत्पन्न करने का प्रयत्न किया जाये तो यह केवल बनावटी ही रहेगी। जो लोग शान्ति शान्ति के पीछे पड़े रहते हैं सम्भव है कि उन्हें शांति की प्राप्ति हो जावे परन्तु ईश्वर प्राप्ति तो नितान्त असम्भव है क्योंकि उन्होंने ईश्वर से कोई सम्बन्ध ही नहीं रखा केवल शान्ति ही को लक्ष्य बनाया है। इस प्रकार उद्देश्य की प्राप्ति नहीं हुयी हाँ इतना अवश्य है कि कुछ आराम से कटने लगी। वास्तव में सुख, शान्ति एवं आनन्द यह सब केवल मार्ग की ही वस्तुयें हैं और लक्ष्य तक पहुंचने के प्रथम ही समाप्त हो जाती है। फिर वहाँ क्या है ? लगभग सतुलन की दशा वश यही अन्तिम लक्ष्य अथवा ध्येय है। खेद की बात कि इस वास्तविक चीज की ओर से दृष्टि हटाकर लोग ईश्वर-प्राप्ति को केवल अपने दिल बहलाव का साधनमात्र समझते हैं और जीवन भर उसमें ही उलझे रहते हैं। यह तो केवल मनोरंजन ही रहा हमारे श्री बाबू जी महाराज का तो यह कहना है—"जिस प्रकार बच्चों के लिये खेल-कूद, पहलवानों के लिये परिश्रम एवं व्यायाम, विद्वानों के लिये अध्ययन उनके दिल-बहलाव के साधन हैं इसी प्रकार पुजारियों के लिये पूजा-पाठ, भक्तों के लिये भक्ति, ज्ञानियों के लिये ज्ञान-चर्चा, सिद्धों के लिये सिद्धियां एवं वैरागियों के लिये जंगल और एकांतवास केवल दिल बहलाव एवं मनोरंजन के साधन हैं। वास्तविकता का इससे कोई सम्बन्ध नहीं है। अतः सबसे पहले हमें यही विचार करना है कि हमें प्राप्त क्या करना है अथवा कहाँ पहुंचना है ! जब तक इस बात का निर्णय नहीं हो जाता हमारी समस्या का कोई सुलझाव नहीं हो सकता।

इस बात का निर्णय करने के लिये हमें अपना दृष्टिकोण विशिष्ट बनाना होगा। हमारे जीवन का प्रारम्भ हुआ, भाँति-भाँति की कठिनाइयाँ, दुःख, सुख, आराम, कष्टों में से गुजर कर जीवन व्यतीत हुआ। अंत में शरीर त्याग कर संसार से जाना पड़ा। क्या इतने ही में हमारे अस्तित्व का दौर समाप्त हो गया ? कदापि नहीं विकास क्रम चलता यह एक प्राकृतिक नियम है और सृष्टि-निर्माण का आधार है और यह बराबर क्रियाशील है। उदाहरणार्थ एक वृक्ष उगता है, बढ़ा होता है एवं फलता, फूलता है तथा कुछ काल के बाद समाप्त हो जाता है तो क्या इसका अस्तित्व विनष्ट हो गया ? कदापि नहीं ! वे सब परमाणु जो उसके सृजन का कारण बने थे फिर भी शेष रहे और उसी विकास क्रम के अनुसार क्रियाशील होकर उसका पुनर्निर्माण हुआ। यही बनना बिगड़ना बराबर

चलता रहा। इसी प्रकार मनुष्य की मृत्यु के बाद भी वे ही परमाणु पुनः उसके निर्माण का कारण बन गये और मनुष्य पुन पुनः जीवन मरण के चक्र में घूमता रहा। यही क्रम न जाने कब से चलता आ रहा है और न जाने कब तक चलता रहेगा। इससे यह बात स्पष्ट हो गयी कि हमारी समस्या केवल हमारी वर्तमान जिन्दगी तक ही सीमित नहीं है बल्कि आगे आने वाले असंख्य जिन्दगी तक फैली हुयी है एवं इसके सुलझाव के लिये हमें इस कुल विषय पर विचार करना होगा। अब हमें सबसे पहले यही विचार करना है कि पुनः पुनः जीवन मरण के झमेले से कैसे मुक्त हों।

हमें संसार में पुनः लाने वाली चीज केवल हमारे संस्कार हैं। इससे मुक्त होने के लिये यही आवश्यक है कि हम अपने संस्कारों के जोर को समाप्त करें। यह इसी प्रकार हो सकता है कि प्रथम तो हम नये संस्कारों का बनना बंद कर दें और संस्कारों के प्राचीन बातें को भोग द्वारा समाप्त करें। सहज-मार्ग में प्रारम्भ से ही इसी ओर ध्यान दिया जाता है।

यदि हम प्रत्येक दैनिक कार्य को केवल कर्तव्य मात्र मानकर ईश्वर की आज्ञा मात्र समझ कर ही करें तो नवीन संस्कार बनना बन्द हो जायेगा। प्राचीन संस्कारों का भोग वैसे तो जीवन भर चलता ही रहता है किन्तु गुरु-कृपा द्वारा बहुत ही थोड़े से समय में और बहुत कम होकर समाप्त हो जाता है। इस प्रकार हम आवागमन के झमेले से छूट जाते हैं परन्तु वास्तविकता तो अब भी दूर है। यह तो स्थूलता के केवल बाह्य-आवरण से ही छुटकारा हुआ है अभी न जाने इस प्रकार के स्थूल एवं सूक्ष्म कितने आवरण और शेष हैं।

ईश्वर-प्राप्ति का वास्तविक अर्थ तो यह है कि वे गुण एवं properties जो ईश्वर में मान गये हैं वे अपने अन्दर पैदा कर लें अर्थात् जहाँ तक हो सके उससे समानता अथवा एकता पैदा कर लें और उसी के समान सूक्ष्मता की अन्तिम सीमा को प्राप्त कर लें जितनी कि मनुष्य-शक्ति के अन्तर्गत है। बाह्य तौर पर तो मनुष्य स्थूलता का ही पुतला बना हुआ है यद्यपि उसमें मानव-तत्व प्रधान और जोरदार है परन्तु साथ ही साथ ईश्वरीय-तत्व भी मौजूद है और दोनों का बढ़ाव साथ ही साथ चलता है। मनुष्यत्व के परिणाम स्वरूप उसके कुल कार्य और विचार स्थूलता के प्रभाव में डूबे रहते हैं और यही चीज हर समय उसके विचार में रहती है इसलिए स्थूलता का प्रभाव और भी गहन और शक्तिमान होता जाता है। परिणाम यह होता है कि ईश्वरीय तत्व का प्रभाव हल्का और फीका पड़ता जाता है। दूसरे अर्थ में वह ईश्वर से दूर होता जाता है एवं माया, मोह, लोभ आदि के घने जाल में उलझता जाता है। अब इस जंजाल से छूटने का केवल एक ही उपाय है और वह यह है कि हम अपने अन्दर ईश्वरीय धारा के प्रभाव को तेज और शक्तिशाली बना दें जिसके प्रभाव से मानव-तत्व की धारा स्वतः ही ठिकाने पर आ जावे। दोनों में सामन्जस्य एवं सन्तुलन स्थापित होकर दोनों ही अपने-अपने स्थान पर यथोचित कार्य करने लगें। सहज-मार्ग की साधना-पद्धति इसी ढंग पर निहित है।



# *Sahaj Marg - A Dynamical Path*

*(Speech of Sri Ram Chandra Ji, President, Shri Ram Chandra Mission, Shahjahanpur, at Banglore, on 23rd December, 1964.*

